# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
## SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, U.P. India-272202

कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उ० प्र०,भारत -२ ७२२०२

==========================================================================================

आज दिनांक– 29/02/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के वाणिज्य संकाय के वाणिज्य विभाग– सभागार हॉल में पूर्वछात्रों की जनरल बॉडी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मा० कुलपति महोदय, कुलसचिव, संकायाध्यक्ष– वाणिज्य संकाय, संकायाध्यक्ष– विज्ञान संकाय, डॉ० कपिल गुप्ता– सचिव, पूर्वछात्र संगठन के सदस्यगण, अन्य शिक्षकगण तथा पूर्व छात्र उपस्थित रहे। इस बैठक में सभी सदस्यों को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन (SUAAK) के By Laws से अवगत कराया गया तथा SUAAK की कार्यकारी समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात् मा० कुलपति जी ने अपनी ओजपूर्ण व ज्ञानवर्धक वाणी से समस्त छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा इसी कड़ी में कुलसचिव महोदय, प्रो० सौरभ– संकायाध्यक्ष (वाणिज्य संकाय) प्रो० प्रकृति राय संकायाध्यक्ष (विज्ञान संकाय) ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। कुछ पूर्वछात्रों ने भी विश्वविद्यालय में ज्ञानार्जन व अपने पूर्व व नवीन अनुभवों को साझा किया।

मा० कुलपति द्वारा समस्त पूर्वछात्रों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके मनोबल को बढ़ाया, वहाँ उपस्थित समस्त लोगों के लिए अल्प जलपान की व्यवस्था रही। कार्यक्रम के समापन के समय मा० कुलपति जी ने समस्त छात्रों को अपने उद्घोषण में बताया कि यह बैठक उपस्थित सभी छात्रों के भविष्य के लिए लाभकारी होगी व नए छात्रों के लिए भविष्य की चुनौतियों व उसमें आगे बढने के अवसर तलाशने में मदद करेगी।

कपिल गुप्ता
29/02/2024

(डॉ० कपिल गुप्ता)
सचिव, पूर्व छात्र संगठन